Helpline 1064 | 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **कर्तव्यपरायणता के साथ असाधारण प्रदर्शन करने वाले 47 अधिकारी/कर्मचारी एसीबी महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित**

जयपुर, 26 जनवरी, रविवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने गुरूवार को झालाना डूँगरी, जयपुर स्थित एसीबी मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित **एसीबी महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) सम्मान समारोह में 47** अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

महानिदेशक डॉ. मेहरडा ने सम्मानित होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप राजस्थान एसीबी ने भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई की है। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि हमें एसीबी में भ्रष्ट लोकसेवको पर पूरी ईमानदारी, मेहनत, एवं लगन के साथ कार्यवाही करनी होती है। हमने प्रयास किया है कि हम आमजन के दिल में विश्वास जगाएं और उन्हें भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक कर सकें।

ब्यूरो प्रमुख डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा नें कहा कि एसीबी राजस्थान में कार्यबल कम है परन्तु हमारे सतत् प्रयास के कारण पूरे मनोयोग से हमनें आमजन में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होनें कहा कि एसीबी **हेल्पलाईन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सअप हेल्पलाईन 94135–02834** को भी हमने सुदृढ बनाया है जिसके परिणाम स्वरूप आमजन द्वारा लगातार हमें सूचना देकर भ्रष्टाचार कि शिकायत की जा रहीं है।

एसीबी महानिदेशक डॉ. मेहरडा ने कहा कि राजस्थान एसीबी की पूरी एसीबी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर एसीबी के अधिकारियों एवं कर्मचारी को उनके द्वारा किए गए असाधारण कार्य प्रदर्शन, कर्तव्य परायणता तथा सराहनीय कार्य के फलस्वरूप डीजी डिस्क व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज सम्मानित तथा साथ ही एसीबी की पूरी टीम भविष्य में भी इसी लग्न एवं निष्ठा से कार्य करते रहेंगे और ज्यादा से ज्यादा आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति सजग एवं जागरूक बनायेगें।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विशनाराम विश्नोई, श्री अमित सिंह, श्री विक्रम सिंह परमार श्री ज्ञान सिंह चौधरी, उप अधीक्षक पुलिस श्री अभिषेक पारीक, श्री नवल किशोर मीणा, पुलिस निरीक्षक श्री श्याम कुमार, श्रीमति अनिता मीणा, श्री सीताराम सोनी, श्री पुरूषोत्तम, डॉ0 सोनू शेखावत, सहायक उप निरीक्षक श्री रामजीलाल, श्री बाल कृष्ण श्री रीतराम सिंह, श्री शिवराज सिंह, श्री हनुमान प्रसाद श्रोत्रिय, श्री रमेश चन्द, मुख्य आरक्षक श्री हवा सिंह, श्री दीपू चन्द, श्री विनय कुमावत, श्री मुकेश कुमार सैनी, श्री मदनलाल, श्री अशोक कुमार सैनी, श्री जितेन्द्र सिंह, कानिस्टेबल श्री सुभाष महावर, श्री शाहरूख खान, श्री सुभाष कुमार, श्री प्रकाश, श्री प्रकाश चन्द, श्रीमती राजबाला, श्री विश्राम चौधरी, श्री उमेश टेलर को महानिदेशक डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

साथ ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, में पदस्थापित (मंत्रालयिक सेवा) सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री दलपत सिंह, श्री दिलीप सिंह, श्री गणेशराम पंवार, वरिष्ठ सहायक श्री नरपत सिंह, मुख्य आरक्षक श्री राकेश कुमार, श्री जीवण राम, कानिस्टेबल श्री रामलाल, श्री रामकरण, श्री विजय कुमार, श्री मनोज कुमार, श्री भंवर सिंह, श्री लोंगाराम, श्री बंशी लाल, कानि. चालक श्री हरसहाय एवं च.श्रे. कर्मचारी श्री कमल किशोर शर्मा को एसीबी के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की *हैल्पलाईन नं.* 1064 *एवं* ***Whatsapp*** *हैल्पलाईन नं.* 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**